
थाने में शिकायत — बेटे के जन्म की बधाई में मांगे 21 हजार, नहीं देने पर लूटा सोने का झुमका

# पूर्व विधायक शबनम पर लूटपाट का आरोप

**अनूपपुर, नवभारत।** देश की पहली किन्नर विधायक रहीं शबनम मौसी एक बार फिर विवादों में घिर गई हैं। इस बार उन पर जबरन लूटपाट और मारपीट का आरोप लगाया गया है। मामला अनूपपुर जिले के चचाई थाना क्षेत्र का है, जहां एक सब्जी व्यापारी ने मौसी पर सोने के झुमके छीनने और धमकी देने का आरोप लगाया है।



बाबू चौक अमलाई निवासी सब्जी व्यापारी राहुल कुमार सोनी ने शिकायत में बताया कि करीब चार महीने पहले उसके घर बेटे का जन्म हुआ था। इसी मौके पर शबनम मौसी 8 से 10 किन्नरों के साथ बधाई मांगने आई थीं। उन्होंने 21 हजार रुपए की मांग की, जबकि राहुल की मां और पत्नी ने केवल 1100 रुपए दिए। इसके बाद शबनम मौसी ने बददुआएं देना शुरू कर दियां और उनकी मां को अपशब्द कहते हुए उनके कान से सोने का झुमका छीन ली। झुमका उनकी नानी की निशानी थी। राहुल ने दावा किया कि जब वह झुमका वापस मांगने गया तो मौसी ने कहा पहले 21 हजार दो, फिर झुमका ले जाना।

**शबनम मौसी ने लगाया उधारी का आरोप**

इस पूरे मामले पर शबनम मौसी ने आरोपों को खारिज करते हुए राहुल सोनी पर 50 हजार रुपये उधार लेने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि राहुल ने 4 साल पहले शादी के समय भी बधाई के पैसे बाद में दिए थे और अब बेटे के जन्म पर भी बहस कर रहा था। मौसी का कहना है कि मैं तो अपनी उधारी मांगने गई थी, उल्टा वही विवाद करने लगा। वायरल हो रहे वीडियो में एक किन्नर कैमरा बंद करने के लिए हाथ जोड़ते हुए भी नजर आ रही हैं।

**पुलिस ने जांच में लिया मामला**

चचाई थाना प्रभारी सुन्द्रेलश सिंह मरावी ने बताया कि राहुल सोनी की ओर से शबनम मौसी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई है। आरोप लूटपाट और मारपीट का है। फिलहाल मामला जांच में है, अभी एफआईआर दर्ज नहीं की गई है।

**शबनम मौसी किन्नर समाज की राजनैतिक शख्सियत है**

शबनम मौसी का नाम देश के राजनीतिक इतिहास में पहली किन्नर विधायक के तौर पर दर्ज है। उन्होंने वर्ष 2000 में सोहागपुर सीट से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव जीतकर राजनीति में इतिहास रच दिया था। यह सीट तत्कालीन कांग्रेस विधायक कृष्णपाल सिंह के निधन के बाद खाली हुई थी। उन्होंने भाजपा के लल्लू सिंह को 17,800 से अधिक वोटों से हराया था। हालांकि 2003 के विधानसभा चुनाव में उन्हें मात्र 1400 वोट मिले और वे चुनाव हार गईं। मौसी पहले नाच-गाकर और सामाजिक कार्यक्रमों में बधाई मांगकर जीवनयापन करती थीं, लेकिन जनता के समर्थन के चलते राजनीति में आईं।



# ट्रेनों और स्टेशनों की सुविधाएं बढ़ाने की मांग

**रेलवे जीएम के नाम स्टेशन मास्टर को सौंपा ज्ञापन**

**अनूपपुर, नवभारत 9 जुलाई।** जिला विकास मंच के संयोजक वासुदेव चटर्जी ने एक प्रतिनिधिमंडल के साथ स्टेशन मास्टर अनूपपुर को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर के रेलवे महाप्रबंधक (जीएम) के नाम एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में अनूपपुर, अम्बिकापुर सहित अन्य अंचलों में रेल सुविधाओं के विस्तार की मांग की गई है।

वासुदेव चटर्जी ने ज्ञापन में प्रमुख रूप से ट्रेन नंबर 11201/11202 नागपुर-शहडोल-नागपुर को अम्बिकापुर या अनूपपुर तक विस्तार देने और हमसफर एक्सप्रेस (22169/22170) रानी कमलापति-संतरागाछी का अनूपपुर स्टेशन पर ठहराव देने की मांग रखी है। उन्होंने उल्लेख किया कि यह क्षेत्र आदिवासी बाहुल्य और पिछड़ा अंचल है, जहाँ द्रुतगामी ट्रेनों की सुविधाएँ, मल्टी सुपर स्पेशलिटी चिकित्सा सेवाएं सीमित हैं। नागपुर जैसे चिकित्सा हब से सीधी ट्रेन सुविधा नहीं होने से यात्रियों को बिलासपुर, कटनी या जबलपुर के माध्यम से ट्रेन बदलनी पड़ती है, जिससे असुविधा होती है। वॉशिंग प्लांट का निर्माण शीघ्र प्रारंभ किया जाए।

उन्होंने ज्ञापन के माध्य म से प्रमुख मांगें जिनमें ट्रेन नंबर 11201/11202 का विस्तार अम्बिकापुर या अनूपपुर तक किया जाए, हमसफर एक्सप्रेस (22169/22170) का अनूपपुर स्टेशन पर ठहराव हो और उसमें तीन शयनयान बोगियां जोड़ी जाएं, अम्बिकापुर में पूर्व से स्वीकृत वाशिंग प्लांट का निर्माण शीघ्र प्रारंभ हो, अम्बिकापुर-दुर्ग इंटरसिटी और अम्बिकापुर-नागपुर द्रुतगामी ट्रेन नियमित चलाई जाए, गोंदिया-बरौनी, अम्बिकापुर-जबलपुर, और नागपुर-शहडोल ट्रेनों का विस्तार नागपुर, इतवारी तक हो, अम्बिकापुर-निजामुद्दीन साप्ताहिक ट्रेन को नियमित किया जाए, अम्बिकापुर-बरवाडीह और अम्बिकापुर-रेणुकूट प्रस्तावित रेल लाइनों का निर्माण कार्य शीघ्र शुरू किया जाए आदि मांगें की है। वासुदेव चटर्जी ने कहा कि उपरोक्त मांगें अंचल के विकास और यात्रियों की सुविधा के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।

# जर्जर स्कूलों न हो कक्षाओं का संचालन : पंचोली

**कलेक्टर ने कहा- ऐसे भवनों की मौके पर जांच कर सत्यापन किया जाए**

अनूपपुर, नवभारत। वर्षा ऋतु के दौरान संभावित बाढ़ व आपदा प्रबंधन को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर हर्षल पंचोली ने जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारियों, लोक निर्माण विभाग, आदिवासी विकास विभाग, शिक्षा विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं। कलेक्टर ने निर्देशित किया है कि जर्जर एवं क्षतिग्रस्त शासकीय स्कूल भवनों और आंगनबाड़ी केंद्रों में कक्षाओं या किसी भी अन्य गतिविधियों का संचालन नहीं किया जाए।

उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे भवनों की संयुक्त रूप से मौके पर जांच कर सत्यापन किया जाए तथा उसके उपरांत ही निर्देशानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। इस निर्णय का उद्देश्य बच्चों की सुरक्षा और आपदा के समय जोखिम को न्यूनतम करना है। शासन द्वारा यह सुनिश्चित करने का प्रयास है कि शैक्षणिक गतिविधियाँ केवल सुरक्षित भवनों में ही संचालित हों।

# गुरु पूर्णिमा पर आज विविध आयोजन होंगे

**देशभर से श्रद्धालु अमरकंटक पहुंच रहे, आश्रमों में व्यापक तैयारियां जारी**







अनूपपुर, नवभारत 9 जुलाई। पवित्र नगरी अमरकंटक में गुरु पूर्णिमा पर्व इस बार भी श्रद्धा, भक्ति और अध्यात्म की अनूठी छटा के साथ मनाया जाएगा। 10 जुलाई को आषाढ़ मास की पूर्णिमा के दिन यहां के विभिन्न आश्रमों में परंपरागत धार्मिक विधियों से गुरु पूजन एवं पादुका पूजन का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर देशभर से श्रद्धालु अमरकंटक पहुंच रहे हैं और आश्रमों में व्यापक तैयारियां की गई हैं। कल्याण सेवा आश्रम में तपस्वी बाबा कल्याण दास महाराज अपने शिष्यों के मध्य उपस्थित रहेंगे। यहां प्रात:काल पादुका पूजन एवं गुरु पूजन के बाद विशाल भंडारे (प्रसादी) का आयोजन होगा। आश्रम में दूर-दराज से श्रद्धालुओं का आगमन प्रारंभ हो गया है। शांति कुटी आश्रम में 4 जुलाई से सप्ताह भर की श्रीमद्भागवत महापुराण कथा चल रही है, जिसका वाचन पं. श्रीकांत शास्त्री द्वारा किया जा रहा है। गुरु पूर्णिमा के दिन विशेष गुरु पूजन एवं भंडारा आयोजित किया जाएगा, जिसमें श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रहने की संभावना है। मार्कंडेय आश्रम में आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी रामकृष्णानंद जी महाराज के शिष्यों द्वारा गुरु पूजन एवं पादुका पूजन किया जाएगा।

**अमरकंटक में उमड़ेगा श्रद्धा का सागर**

गौरतलब है कि गुरु पूर्णिमा के दिन अमरकंटक में स्थित आश्रमों और धार्मिक स्थलों पर भक्ति, साधना और अध्यात्म से जुड़ी गतिविधियां विशेष रूप से आयोजित होती हैं। इस बार भी हजारों श्रद्धालुओं के भाग लेने की संभावना है, जिससे नगरी का वातावरण पूरी तरह धार्मिक रंग में रंगा रहेगा। गुरु-शिष्य परंपरा की इस अनुपम अभिव्यक्ति का यह पर्व अमरकंटक को आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर कर देगा।

# 6 मेडिकल स्टोर्स की अनुज्ञप्तियां निलंबित

**औषधि नियमावली का उल्लंघन करने पर की गई कार्यवाही**

**अनूपपुर, नवभारत 9 जुलाई।** औषधि एवं प्रसाधन सामग्री नियमावली 1945 के नियमों के उल्लंघन के मामलों में जिले के छह मेडिकल स्टोर्स की औषधि विक्रय अनुज्ञप्तियां निलंबित की गई हैं। यह कार्रवाई खाद्य एवं औषधि प्रशासन, जिला अनूपपुर द्वारा की गई है। औषधि निरीक्षक, अनूपपुर द्वारा किए गए आकस्मिक निरीक्षण में नियमों के उल्लंघन की पुष्टि होने पर संबंधित संचालकों को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया था। संतोषजनक जवाब न मिलने पर अनुज्ञप्तियों के निलंबन का निर्णय लिया गया। इनमें मेसर्स राजेश मेडिकल स्टोर्स कोतमा, थोक औषधि विक्रय अनुज्ञप्ति पूर्णत: निरस्त, फुटकर औषधि विक्रय अनुज्ञप्ति 15 दिवस के लिए निलंबित, मेसर्स लाइफ केयर मेडिकोज जैतहरी, फुटकर औषधि विक्रय अनुज्ञप्ति 10 दिवस के लिए निलंबित, मेसर्स आकांक्षा मेडिकल स्टोर अनूपपुर, फुटकर औषधि विक्रय अनुज्ञप्ति 7 दिवस के लिए निलंबित, मेसर्स रियान मेडिकोज, भालूमाड़ा (कोतमा कालरी), फुटकर औषधि विक्रय अनुज्ञप्ति 5 दिवस के लिए निलंबित, मेसर्स आर.के. मेडिकोज, ग्राम सिवनी (जैतहरी), फुटकर औषधि विक्रय अनुज्ञप्ति 7 दिवस के लिए निलंबित, मेसर्स अमृत फार्मा, फुटकर औषधि विक्रय अनुज्ञप्ति 5 दिवस के लिए निलंबित किया गया है।

**निलंबन अवधि में औषधियों का क्रय-विक्रय प्रतिबंधित रहेगा**

औषधि अनुज्ञापन प्राधिकारी द्वारा निलंबन आदेश में स्पष्ट किया गया है कि निलंबन अवधि में किसी भी प्रकार का औषधियों का क्रय-विक्रय प्रतिबंधित रहेगा तथा मेडिकल स्टोर्स पूर्णत: बंद रखे जाएंगे। सभी संचालकों को औषधि एवं प्रसाधन

# कई विकास योजनाओं को दी गई मंजूरी

**जिपं. सामान्य सभा की बैठक में क्षेत्रीय मुद्दों पर भी हुई चर्चा**




**अनूपपुर, नवभारत।** जिला पंचायत अनूपपुर की सामान्य सभा की बैठक मंगलवार को जिला पंचायत सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष प्रीति रमेश सिंह ने की। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा, उपाध्यक्ष पार्वती बाल्मिकी राठौर, सदस्यगण एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में 15वें वित्त आयोग अंतर्गत बीपीडीपी वर्ष 2024-25 की कार्ययोजनाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। जनपद अनूपपुर, पुष्पराजगढ़ की कार्ययोजना एवं जनपद जैतहरी की संशोधित कार्ययोजना को सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया।

बैठक में जिपं. सदस्यों ने कई स्थानीय समस्याओं की ओर ध्यान आकृष्ट किया। अनूपपुर एसडीएम कार्यालय के नवीन भवन को वर्तमान स्थान पर बनाए रखने तथा अनूपपुर में मेडिकल कॉलेज की स्थापना संबंधी प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित किया गया। उपाध्यक्ष पार्वती बाल्मिकी राठौर ने ग्राम धनगवां पूर्वी (दर्रीटोला) में मूलभूत सुविधाओं की कमी, बलबहरा-कल्याणपुर मार्ग, नवीन प्राथमिक शाला भवन, नल-जल योजना तथा अन्य विकास कार्यों को सैचुरेशन मोड पर पूर्ण करने की मांग की।

**पावर प्लांट से प्रभावित ग्रामों की समस्याएं उठाई गईं**

सदस्यों ने निजी कंपनियों द्वारा स्थापित पावर प्लांट के प्रभाव क्षेत्र में समस्याओं के समाधान एवं सीएसआर गतिविधियों के उचित क्रियान्वयन की मांग की। बैठक में वन विभाग से एनओसी, क्रेशर संचालन तथा खनिज विभाग द्वारा अनुमतियों पर भी चर्चा हुई। जिपं. सदस्य नर्मदा सिंह ने राजेन्द्रग्राम स्थित कन्या छात्रावास के पास स्थित शराब दुकान को अन्यत्र स्थानांतरित करने की मांग की, जिस पर आबकारी विभाग द्वारा परीक्षण उपरांत कार्रवाई की बात कही गई। वहीं, पुष्पराजगढ़ के खाद्य वितरण केन्द्रों में खाद की उपलब्धता को लेकर चर्चा हुई। कृषि विभाग ने दो दिवस में खाद उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।

# जिले में 1.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**अनूपपुर, नवभारत 9 जुलाई।** बीते 24 घंटे के दौरान अनूपपुर जिले में 1.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। यह जानकारी अधीक्षक भू-अभिलेख अनूपपुर द्वारा जारी की गई है। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार इस अवधि में वर्षामापी केन्द्र पुष्पराजगढ़ में 5.2 मिमी एवं अमरकंटक में 4 मिमी वर्षा दर्ज की गई। वहीं अनूपपुर, कोतमा, बिजुरी, जैतहरी, वेंकटनगर और बेनीबारी में वर्षा शून्य (निरंक) रही। जिला प्रशासन मौसम की स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है और संबंधित विभागों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं।

# पहली बारिश में ही बह गई ग्रेवल सड़क

**मुक्तिधाम से कुटीघाट तक बनाई गई थी सड़क, ग्रामीणों में आक्रोश**



**अनूपपुर, नवभारत 9 जुलाई।** जिले के जैतहरी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत वेंकटनगर में हाल ही में निर्मित हो रही कुटीघाट से मुक्तिधाम तक की ग्रेवल सड़क पहली ही बारिश में बह गई। लगभग 15 लाख रुपये की लागत से बन रही इस सड़क पर अब तक 4 लाख रुपये खर्च किए जा चुके हैं, लेकिन तीन दिन की तेज बारिश में ही सड़क दो स्थानों से बह गई, जिससे उसकी गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण कार्य अभी अधूरा है और पहली ही बारिश में जिस तरह से सड़क बह गई। कुटीघाट मंदिर से मुक्तिधाम तक सड़क निर्माण की मांग ग्रामीण कई वर्षों से करते आ रहे थे। मार्ग के अभाव में लोगों को शव यात्रा और अंतिम संस्कार में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। इसी मांग को देखते हुए दिसंबर-जनवरी माह में ग्रेवल मार्ग का निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ, जिससे ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ी थी, लेकिन पहली ही बारिश में सड़क का बह जाना जनप्रतिनिधियों और निर्माण एजेंसी की लापरवाही को उजागर करता है।

**निर्माण गुणवत्ता की जांच करने की मांग**

15 लाख की लागत से बन रही यह सड़क यदि शुरूआती बारिश में ही क्षतिग्रस्त हो जाती है, तो इससे न केवल लोकधन की बर्बादी होती है बल्कि ग्रामीणों की विश्वसनीयता भी प्रशासन से टूटती है। अब ग्रामीणों की मांग है कि सड़क निर्माण की गुणवत्ता की जांच कर दोषियों पर सख्त कार्यवाही की जाए और जल्द से जल्द सड़क की मरम्मत कराई जाए।



# शराब के नशे में वाहन चलाने वाले 3 ट्रक चालकों पर की गई कार्रवाई

**अनूपपुर, नवभारत 9 जुलाई।** सड़क हादसों पर अंकुश लगाने और ड्रिंक एंड ड्राइव जैसे गंभीर अपराधों को रोकने के लिए पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के निर्देश पर यातायात पुलिस अनूपपुर द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में कल तीन ट्रकों जिनमें ट्रक क्रमांक सीजी 04 पीए 8775, ट्रक क्रमांक सीजी 04 पीएच 7473, ट्रक क्रमांक आरजे 11 जीबी 4106 के चालकों को शराब के नशे में वाहन चलाते हुए पकड़ा गया, जिन पर 31,000 का जुर्माना लगाया गया है। इन तीनों चालकों के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

# परित्यक्त महिलाओं के संरक्षण का अभियान शुरू

अनूपपुर, नवभारत 9 जुलाई। जिले में पति द्वारा परित्यक्त महिलाओं के संरक्षण एवं न्याय सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के निर्देशन में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी कोतमा के मार्गदर्शन में संचालित किया जा रहा है।

इस अभियान के तहत अर्थिक, सामाजिक और मानसिक रूप से पीड़ित महिलाओं की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर चिन्हित कर उन्हें न्याय दिलाने के प्रयास किए जा रहे हैं। 9 जुलाई को अभियान के अंतर्गत थाना प्रभारी सुमित कौशिक की टीम ने वारंटी मधुसूदन शर्मा निवासी काली मंदिर राजनगर को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया।

लापरवाही — मामला मौहरी गांव का, विभागीय लापरवाही से आज तक नहीं मिल पाया सिंचाई के लिए पानी

# बकान जलाशय की केनाल टूटी, फूटा किसानों का गुस्सा





अनूपपुर, नवभारत 9 जुलाई। जिला मुख्यालय के समीप जनपद जैतहरी के ग्राम पंचायत परसवार अंतर्गत ग्राम मौहरी के किसानों का गुस्सा इन दिनों उबाल पर है। कारण है बकान जलाशय की क्षतिग्रस्त केनाल जिसके चलते किसान वर्षों से सिंचाई के लिए पानी से वंचित हैं। जल संसाधन विभाग की लापरवाही और तकनीकी खामियों ने इस बहुउद्देशीय परियोजना को किसानों के लिए मुसीबत का कारण बना दिया है। वर्ष 2017-18 में 24 करोड़ की लागत से निर्मित बकान डैम के गेट निर्माण के बाद से ही खराब था, जिसकी मरम्मत आज तक नहीं कराई गई। यही नहीं, वर्षों से इसमें जमी गाद की सफाई भी नहीं हुई, जिससे जलभराव क्षमता बेहद कम हो गई है। हाल ही की बारिश में बकान जलाशय का मुख्य गेट किनारे से टूट गया, जिससे खेतों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है।

**हर वर्ष यही हाल रहता है : पटेल**

ग्राम मौहरी के किसान ललन पटेल ने बताया हर वर्ष यही हाल रहता है। जब हमें पानी की सबसे अधिक जरूरत होती है, तभी केनाल टूट जाती है। किसान अजय पटेल ने कहा सिंचाई का एकमात्र साधन होने के बावजूद जलाशय से हमें लाभ नहीं मिल पाता। विभाग को कई बार अवगत कराने के बाद भी समाधान नहीं हो पाया।

**जिम्मेदारों पर कार्रवाई नहीं, भ्रष्टाचार के आरोप**

किसानों ने बताया कि तकनीकी खामियों और अनियमित निर्माण कार्यों को लेकर कई बार तत्कालीन उपयंत्री की शिकायत की गई थी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उक्त उपयंत्री वर्तमान में पुष्पराजगढ़ अनुविभाग में एसडीओ पद पर पदस्थ हैं, जहां मरम्मत के नाम पर भ्रष्टाचार के भी आरोप लगाए जा रहे हैं।

**प्रशासनिक उदासीनता से नाराज किसान**

स्थानीय जनप्रतिनिधियों व किसानों ने कलेक्टर कार्यालय तक जाकर शिकायतें दर्ज कराईं, लेकिन समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं। यह जलाशय हर साल बारिश में क्षतिग्रस्त होता है, लेकिन प्रशासन अब तक स्थायी समाधान नहीं निकाल सका।

**इनका कहना है**

मरम्मत कार्य के लिए उपयंत्री को निर्देशित किया गया है। जल्द ही केनाल की मरम्मत कर किसानों को पानी उपलब्ध कराया जाएगा।

**केपी कडीयाम कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन विभाग अनूपपुर**